आंखें लाल होने पर चिकित्सक को दिखाएं

सीकर, (निसं)। बरसात के मौसम में होने वाले आंखों के संक्रमण कंजक्टिवाइटिस को लेकर चिकित्सा विभाग ने एडवाजरी जारी है। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। एडवाजरी को लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरविन्द महरिया ने बताया कि बारिश के मौसम में आंखों में संक्रमण होने से कंजक्टिवाइटिस हो सकता है, जिसमें आंखों में सूजन, दर्द के साथ आंखें लाल होना, पानी आना, पलके चिपक जाती हैं। कई बार एक आंख या फिर दोनों आंखों में एक साथ परेशानी होती है। इसमें मरीज को आंखों में चुभन व सरदर्द भी हो सकता है। वहीं बच्चों में आई फ्लू के साथ बुखार भी आ सकता है। इसके बचाव के लिए हाइजीन नियमों की पालना करनी चाहिए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरविन्द महरिया ने बताया कि उक्त लक्षण नजर आने पर समय पर चिकित्सक से परामर्श लेंवें, ताकि समय पर उपचार संभव हो। साथ ही बार बार आंखों को नहीं छूना चाहिए। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रोगी को तौलियां, रूमाल, बिस्तर आदि स्वयं के ही इस्तेमाल करने चाहिए। किसी दूसरे के इस्तेमाल करने से उसको भी कंजक्टिवाइटिस होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन और पानी से धोना चाहिए, साफ तौलिए का ही उपयोग करना चाहिए। अपनी आंखों को साफ तौलिये से साफ करना चाहिए। आंखों को आराम देंवे और मोबाइल व टीवी स्क्रीन पर कम समय बिताएना चाहिए।

सदस्यता अभियान भाजपा पार्टी का संगठन पर्व है : राजेंद्र राठौड़

सीकर, (निसं)। भाजपा के सदस्यता अभियान 2024 का जिला स्तरीय शुभारंभ भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, अभियान के जिला संयोजक व धोद विधायक गोरधन वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, खंडेला विधायक सुभाष मील, अभियान के जिला सदस्य गोविंद सैनी, अशोक चौधरी, ममता मुंडोतिया व विनोद महला आदि की मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ किया गया।

■ **भाजपा का सदस्यता अभियान-2024 का जिले में शुभारंभ**

अभियान का शुभारंभ अतिथियों व पार्टी पदाधिकारियों ने अभियान के लिए जारी मोबाईल नंबर पर मिस कॉल देकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान संगठन का पर्व है। इस पर्व में हम सबको भागीदारी निभाते हुए अभिान को जिले में सफल बनाना है। कहा अभियान में मिशन के रूप में सभी कार्यकर्ता जुड़ेंगे। कहा कि जिले में प्रत्येक बूथ पर अभियान के तहत 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिले का यह लक्ष्य 4 लाख 11 हजार का बनता है।

भाजपा के सदस्यता अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि जिले को मिला यह लक्ष्य सभी मिलकर पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार आमजन से जुड़े कार्य कर रही है। ऐसे में सभी लोग भाजपा के सदस्य बनने का लालायित हैं। सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि पार्टी के लोगों को एकजुट होकर त्यौहार रूपी इस अभियान को सफल बनाना है। कहा कि सभी को अग्रिम पंक्ति में रहकार जिले को मिले लक्ष्य को पूरा करना होगा। अभियान के जिला संयोजक व धोद विधायक गोरधन वर्मा ने जिले में अभियान के बारे में पूरी रूपरेखा बताई। कहा कि जिले में 2080 बूथ है। प्रत्येक बूथ पर हमें 200 सदस्य बनाने है। प्रत्येक विधानसभा में 50 हजार सदस्य बनाने हैं और उससे भी अधिक लक्ष्य तय किया गया है।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी का यह अभियान महत्वपूर्ण अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के सदस्य बनकर अभियान की शुरूआत की है। कहा जिले में आज से अभियान का शुभारंभ किया गया है। पार्टी के सर्वाधिक सदस्य बनाकर जिले को अग्रिम पंक्ति में रखना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, संजय सैनी, डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, मधू कुमावत, दिनेश जोशी, ओमप्रकाश बिजारणियां, भागीरथ गोदारा, गिरधारी महाराज, शंकरलाल यादव, जगदीश कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, गोपाल लाटा, विष्णु दीक्षित, सुरेश सैनी, राजेंद्र सिंह धीरजपुरा, सुरेश शर्मा, विष्णु काबरा, निश्चय जीनगर, जितेंद्र माथुर, शिवपाल ख्यालिया, रमेश जलधारी, बजरंग सिंह शेखावत, केशरसिंह शेखावत, गंगासहाय यादव, रामनिवास सैनी, शोभसिंह अनोखू, सीमा अग्रवाल, कविता चौधरी, अंबिका शर्मा, भंवरलाल जांगिड़, गोकुल माथुर, जितेंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

विधायक ने जन समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

चूरू,(कासं)। विधायक हरलाल सहारण ने सर्किट हाउस में पीएचइडी व विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब कर चूरू में विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्हें दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर विद्युत विभाग व पानी विभाग के जेइएन एक्सइएन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चूरू विधानसभा में पानी की समस्याओं को शीघ्र दूर किया जाये जहां पानी लीकेज हो रहा है उसे दो दिन के अन्दर ठीक करवाया जावे, जो विद्युत के पोल जर्जर अवस्था में हैं उन्हें बदलकर उनके स्थान पर दूसरे पोल लगाये जायें साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यकर्ताओं की बात को गंभीरता पूर्वक सुनकर समस्या का निस्तारण करें। ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया विद्युत कनेक्शन चल रहा है वहां शीघ्र ही कनेक्शन दिये जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी समस्याओं को लेकर गंभीर है और इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए संवेदनशील है अत: अधिकारीगण इन समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कर आमजन को लाभ पहुंचाये। उन्होंने चेतावनी दी कि आम जनता की समस्याओं के प्रति अधिकारी संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगरमण्डल के मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, पवन यादव, विधाधार शर्मा, करणीसिंह निर्बाण, विजय कस्वां आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

गणेश जन्मोत्सव के कार्यक्रम शुरू

बीदासर, (निसं)। कस्बे की धार्मिक संस्था गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में एसबीआई बैंक के सामने पुराने गणेश मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन बुधवार को मूर्ति स्थापना से शुरू हुआ। इस अवसर पर पंडित पवन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना करवाई। मूर्ति स्थापना अनुष्ठान में मुख्य यजमान परमेश्वर कंदोई ने पूजा अर्चना करवाई। मूर्ति स्थापना से पूर्व कस्बे की बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे व डीजे के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी तो वातावरण आध्यात्मिक बन गया। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, नगर अध्यक्ष संजय मोदी, धनराज सैन, सुरेंद्र कुमार टाँटिया, विनोद प्रकाश सारस्वत, मनोज पंसारी, रवि मोदी सहित सैंकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर में नानी बाई रो मायरो की कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक मोनिका पारीक ने कहा कि भगवान के प्रति सच्ची लगन, विश्वास व निष्ठा हो तो भगवान भक्त के लिए दौड़े आते हैं। कस्बे के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में चल रहे गणेश जन्मोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण की भव्य सजावट की गई है। दोपहर में चल रही महा शिव पुराण कथा में कथावाचक धन्वंतरी दास महाराज ने कहा कि शिव महा पुराण कथा कल्प वृक्ष के समान है।

चंचल नाथ महाराज की समाधि के दर्शन किए

झुंझुनूं, (निसं) स्थानीय चंचल नाथ महाराज के टिले पर तिजारा विधायक बालक नाथ महाराज ने पहुंच कर समाधियों के दर्शन किए तथा ओमनाथ महाराज से टिले एवं नव निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली । इस अवसर पर टिले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज ने बालक नाथ महाराज को अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया । इस मौक़े पर भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, पूर्व सांसद नरेंद्र खिचड़, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर महमिया, दीपक मोदी, सुशील बाक्याण, शंभू पुरोहित, रामगोपाल महमिया, महेश बसावतिया, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, नगर महामंत्री रवि लंबा, सत्यनारायण सैनी, पार्षद विजय सैनी, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, मुरारी सैनी, कैलाश सैनी, छवि प्रकाश शर्मा , लीलाधर पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं) । भाजपा सदस्यता महा अभियान का बगड़ रोड़ स्थित भाजपा ज़िला कार्यालय में ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। बुधवार को ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के सदस्यता टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल के माध्यम से आए लिंक पर फॉर्म भरवाकर पहचान प्रमाण पत्र दिए। इस मौक़े पर ज़िलाप्रमुख हर्षिनी कुलहरी, अभियान ज़िला संयोजक एव ज़िला महामंत्री सरजीत चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल दूकिया, नगर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, संजय मोरवाल, महेश जिनगर, नगर महामंत्री रवि लॉम्बा, विजय शंकर जोशी, ज़िला संयोजक शोशियाल मीडिया, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, पार्षद विजय सैनी, कपिल सोनी, राजेंद्र चौधरी, जय प्रकाश चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रात्रि चौपाल कार्यक्रम निर्धारित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर सितम्बर माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 11 सितम्बर को पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धर्मशाला, 18 सितम्बर को दांतारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पचार, 25 सितम्बर को पंचायत समिति धोद की ग्राम पंचायत श्यामपुरा में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के अनेक क्षेत्रों में गुरुवार को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता (विद्युत विभाग) ने बताया कि जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रतनगढ़ द्वारा मेन्टीनेन्स का कार्य किये जाने के कारण 33/11 केवी गौशाला जीएसएस से संचालित 11 केवी संकटमोचन फीडर की सप्लाई 5 सितम्बर गुरुवार को प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक बन्द रहेगी। इससे संचालित संकटमोचन बालाजी, रेगर बस्ती, पंडीतपुर तथा इससे सम्बन्धित अन्य क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई भी बन्द रहेगीं।

डॉ. सुरेंद्र सैनी जिलाध्यक्ष बने

झुंझुनूं,(निसं) जिले में समाजोत्थान के लिए सक्रिय राष्ट्रीय सैनी सभा का जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार सैनी को बनाया गया राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सैनी ने प्रदेश महासचिव मनोज कुमार की अनुसंशा पर समाज सेवा की बड़ी जिम्मेदारी डॉ. सुरेंद्र सैनी को सौंपी। प्रदेश महासचिव मनोज कुमार ने बताया कि डॉ. सैनी युवाओं को हमेशा सरकारी सेवाओं के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारियों से समाज बंधुओं को जागरूक करते हैं। डॉक्टर सुरेंद्र सैनी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर समाज बंधुओं ने बधाई दी।

गुंसाई महाराज मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

रतनगढ़, (निसं)। जुनादेव गुंसाई जी महाराज मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव व मेले का आयोजन गुरुवार को होगा। कोषाध्यक्ष पूनम कम्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के अंतर्गत रात्रि में जागरण का आयोजन भी होगा, जिसमें गायक कलाकार मुकेश राजस्थानी, गणेश भाटी, मोनिका पारीक, सुनीता शर्मा व सोनू राजस्थानी द्वारा भजन व नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तेजपाल कम्मा, ताराचंद कम्मा, राजकुमार कम्मा,नोरतनमल कम्मा, घनश्याम शर्मा व कमल इंदौरिया सहित कई कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

जहरीला पदार्थ खाने से एक की मौत

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के गांव टीडियासर निवासी 27 वर्षीय युवक ने 26 अगस्त को भूलवश भोजन के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई तथा उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां से उसे बीकानेर रैफर कर दिया। उपचार के दौरान मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के रिश्ते में भाई लालचंद पुत्र बिगताराम ढोली निवासी कितासर तहसील श्रीडूंगरगढ़ की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का बुधवार को बीकानेर में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दी है। एएसआई गिरधारीसिंह ने बताया कि लालचंद ने रिपोर्ट में लिखा कि उसका चाचा सुरजाराम लगभग 30 साल से टीडियासर रहता है। सूरजाराम का 27 वर्षीय पुत्र राकेश मानसिक रूप से परेशान था। 26 अगस्त की शाम भोजन के साथ भूलवश जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां से उसे बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर में मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई।

सड़क हादसे में एक की मौत

रतनगढ़, (निसं)। रतनगढ़-चूरू सड़क मार्ग पर सेहला से दो किलोमीटर पहले खड़े ट्रक से बाइक सवार टकरा गया, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बुधवार शाम तक पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हेड कांस्टेबल प्रेमचंद ने बताया कि गोपालपुरिया निवासी 35 वर्षीय महेंद्र पुत्र स्व. पुर्णाराम मेघवाल बाइक से तहसील के गांव सेहला में रिश्तेदारी में जा रहा था कि बुधवार की शाम खड़े ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अभी तक पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

विधायक ने कक्षा-कक्ष का उद्घाटन किया

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के तातीजा पंचायत के रोड़ासर गांव में राजकीय बालिका प्राथमिक स्कूल में बुधवार को नवनिर्मित कक्षा कक्ष के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह, संतु खटाणा थे, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी सुभाष गुर्जर ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि अभिभावक बच्चों के रूप में अपना सब कुछ न्योछावर करते हुए अपना स्वाभिमान अरमान व भविष्य के लिए बच्चों को स्कूल में भेजता है। एक अच्छे शिक्षक का दायित्व है कि उनमें अच्छे संस्कार व बेहतर शिक्षा प्रदान करें। शिक्षक द्वारा दी गई अच्छी शिक्षा से पूरे समाज व देश की अवधारणा को बदला जा सकता है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा की स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, इसमें सभी ग्रामीणों को आपसी सहयोग से समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इसके अलावा बच्चों के हितों को देखते हुए स्कूल में भामाशाह लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान विधायक ने बालाजी कुएं से चिमना तक तीस लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया। वहीं सार संभाल के लिए भी जिम्मेवारी सौंपी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर प्रभू गुर्जर राजोता, मातादीन, जगदीश, नरेश कुमार, रमेश खटाणा, राजेश, कृष्णा, सत्यवीर खेदड़, बाबुलाल, रोहिताश, महेश, रामकिशन, एडवोकेट रोहितास मनकस, बबलू अवाना, सतीश खरड़िया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

मेला मैदान से अतिक्रमण हटाकर दुकानें आवंटित करने के निर्देश

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गाडराटा में बाबा सुंदर दास के लक्खीमेले को लेकर बुधवार को मेला कमेटी व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। मेला कमेटी की ओर से 14 सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय मेले में दुकानें लगाने को लेकर मेला मैदान से अतिक्रमण हटाकर दुकानें आवंटित करने की मांग की गई है।

मेला कमेटी अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया करीब पांच सौ साल से बाबा सुंदर दास महाराज के मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। बाबा के बारे में मान्यता है कि बाबा के दरबार में हर मनोकामना यहां पूर्ण होती है। विशेषकर सर्पदंश या पशुओं को कांटा लग जाए उसे भी बाबा बचाते हैं। पशुओं की बेल साकल, रस्से की धोक लगाते हैं। उन्होंने बताया यह मेला भाद्रपद की एकादशी से शुरू होकर पूर्णमासी तक भरता है, जिसमें लोग जात लगाने आते हैं। पांच दिन तक भरने वाले मेले के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। सुंदरदाससेवा समिति के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया मेले के लिए साफ सफाई करवा कर मेले में दुकाने लगाने की जगह चयनित की जा चुकी है। सड़क से दोनों तरफ बीस फुट चौड़ा रखा गया है तथा मेले की व्यवस्था के लिए वालंटियर बनाए जा रहे हैं। कानून व्यवस्था को देखते हुए पूरा मेला सीसीटीवी कैमरे की जद में रहेगा। मेले में लाइटिंग की व्यवस्था भी पूरी की जा रही है। श्रद्धालु आराम से बाबा के दर्शन कर सकें, इसके लिए बैरिकेडिंग भी लगाई जा रही है। यातायात व पार्किंग के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। मेला समिति की तरफ से पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाएंगी तथा साफ सफाई के लिए कचरा गाड़ियां भी लगाई जाएगी। पुलिस की तरफ से भी करीब दो सौ पुलिस कर्मियों का जाब्ता मांगा गया है। चिकित्सा विभाग की ओर से पांच टीमें मेले के लिए गठित की गई है जो दिन रात ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इस मौके पर एसडीएम सविता शर्मा, नायब तहसीलदार विजयपाल सिंह, थानाधिकारी सरदारमल यादव, जगत , अजीत , बीडीओ महादेव सिंह, एईएन बिजली घनश्याम नारवारा, जलदाय एईएन रजत शर्मा, जेईएन सुमन सैनी, कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

एसडीएम सविता शर्मा, नायब तहसीलदार विजयपाल सिंह ने मेला मैदान का अवलोकन किया।

■ **खेतड़ी में बाबा सुंदर दास के तीन दिवसीय लक्खी मेले को लेकर मेला कमेटी ओर प्राशासनिक आधिकारियों की बैठक**

बडाऊ के राजकीय अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी पंचायत समिति सभागार में बुधवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर की अध्यक्षता में हुई बैठक में बडाऊ के सामुदायिक अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की गई है। सरपंच जितेंद्र चांवरिया ने बैठक के दौरान मुद्दा उठाते हुए कहा कि सामुदायिक अस्पताल में डॉक्टर समय पर नहीं आते हैं, जिसको लेकर बीसीएमओ व सीएमएचओ को भी अवगत करवाया गया था। इसके अलावा पांच दिन पहले हुई कलेक्टर की रात्रि चौपाल में भी समस्या को लेकर अवगत करवाया गया। इसके बावजूद भी समस्या कोई स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है।

■ **खेतड़ी पंचायत समिति में साधारण सभा की बैठक का आयोजन**

अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने के कारण मौसमी बिमारियों से ग्रस्त मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से सामुदायिक अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध रूप से क्रेसर लगाकर खनन किया जा रहा है, जिसके चलते लोगों को गंभीर बीमारियों से पीड़ित होना पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से क्षेत्र की सड़क पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो चुकी है। रोजाना ओवरलोड डंपर क्षमता से अधिक भार लेकर थाने के सामने से गुजर रहे हैं। इसके बावजूद भी पुलिस व प्रशासन की ओर से ओवरलोड डंपरों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब ग्रामीणों की ओर से डंपरों को रोकने का प्रयास किया जाता है तो खनन से जुड़े लोग उन्हें मुकदमों में फसाने की धमकियां देते हैं।

एन.एस.यू.आई. प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर चूरू बॉर्डर सालासर में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ का सुजानगढ़ जाते समय पूर्व लोहिया कॉलेज संयुक्त सचिव पुलकित चौधरी, छात्र नेता आदिल गोरा, फरमान खान, यूथ कांग्रेस पूर्व महासचिव गुलज़ार खान, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव मो सलीम ने साफा व शाल ओढ़ाकर स्वागत सत्कार किया। सात सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ को जन्मदिन कि अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मुस्ताक खान व यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया ने भी माल्यार्पण कर विनोद जाखड़ का स्वागत किया। विनोद जाखड़ ने कहा कि आने वाले समय में एनएसयूआई के प्रतिनिधी पूरे राजस्थान में कंधे से कंधा मिलाकर सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ेंगें। छात्र नेता पुलकित चौधरी ने कहा कि चूरू जिले में एनएसयूआई का हर प्रतिनिधी प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के साथ संघर्ष करेगा। इस अवसर पर सलीम, मुशरफ, गुलाम रसूल, लतीफ , असलम, फारूक ,हनीफ ,आसिफ सामदखानी, सोहेल चायल, अरबाज , इरफान , संजू, अशफाक खान आदि मौजूद रहे।

भाजपा का कार्यकर्ता संस्कृति, परंपरा व राष्ट्रीयता से जुड़ा है : बाबा बालकनाथ

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर झुंझुनूं के पीरू सिंह सर्किल स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ महाराज ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। विश्व में भाजपा के सर्वाधिक 11 करोड़ से अधिक कार्यकर्ता हैं। जो परिवार भाजपा से जुड़ता है वह सिर्फ़ पार्टी से नहीं जुड़ता बल्कि भाजपा का कार्यकर्ता देश की मिट्टी, भारतीय संस्कृति, परंपरा एव राष्ट्रीयता से जुड़ता है।

भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को मज़बूत करने की भावना से ओत प्रोत रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान पार्टी का महा अभियान है जिसमें कार्यकर्ता को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सौ सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनेगा। प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत झुंझुनूं ज़िले को सवा तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। सदस्यता अभियान के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके एक लिंक प्राप्त होगा जिसमें एक फ़ार्म होगा उसे भरकर कार्यकर्ता अपना सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेगा। चावला ने कहा कि इसके अलावा सदस्यता का एक महा अभियान चलाया जाएगा जिसमें प्रत्येक जन प्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी को लक्ष्य दिए जाएँगे। लक्ष्य पूर्ण करने वाले कार्यकर्ता को सम्मानित भी किया जाएगा। भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं को ऊर्जा के साथ प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने का आव्हान किया। इनके अलावा सदस्यता अभियान के प्रदेश सह संयोजक सदस्यता अभियान अनुराग जांगिड़, सदस्यता अभियान ज़िला संयोजक सरजीत चौधरी, ज़िला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, भाजपा नेता निषित (बबलू) चौधरी, भाजपा ज़िला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, राकेश शर्मा बगड़, महेश जिनगर, ममता शर्मा, सावित्री सैनी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भादरमाल स्वामी, कुलोद मण्डल अध्यक्ष सतीश खिचड़, विकास भालौठिया, मदनलाल सैनी,विजय शंकर जोशी, ललित जोशी, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, रवि लॉम्बा, विजय सैनी, सौरभ सोनी , राजेंद्र चौधरी, महेंद्र सोनी, कपिल सोनी, रामनिवास , उमाशंकर महामिया, रामगोपाल, लीलाधार , इंद्राज सैनी, श्रीराम सैनी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बाबा बालक नाथ ने भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी सहित सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को मोबाइल से मिस्ड कॉल करवाकर सभी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

झुंझुनूं में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ महाराज एवं भाजपा पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

■ **झुंझुनूं ज़िले को सदस्यता में सवा 3 लाख का लक्ष्य : वासुदेव चावला**

गणेश चतुर्थी महोत्सव की शुरुआत

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय सब्जी मंडी के पास स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव की भगवान शिव का रुद्राभिषेक के साथ शुरुवात हुई। मंदिर परिवार के कृष्णकांत काछवाल सपत्निक द्वारा लीलाधर बृहस्पति के आचार्यत्व में विद्वान पंडितों के द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर पुजारी अणतुराम काछवाल ने बताया कि 5 सितम्बर गुरुवार को प्रात: दुग्ध अभिषेक, 6 सितंबर शुक्रवार को प्रात: सिद्धिविनायक का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा 7 सितंबर शनिवार गणेश चतुर्थी को प्रात:सहस्त्रार्चन, दोपहर गणेश जन्म उत्सव आरती तथा सांय 5:30 बजे से गणेश भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात रात्रि विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकार गंगानाथ महाराज रतनगढ़ द्वारा मनभावक भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव तैयारियों को कृष्णकांत काछवाल,राधाकृष्ण पीपलवा,दिनेश ,पंकज ,आकाश बसीर,लक्ष्मण , गौतम सहित आयोजन समिति के अनेक कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।